**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

## सामाजिक रक्षा मुद्दे पर समाज कार्य शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




वर्धा, 13 दिसंबर 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान द्वारा अनुदानित विश्वविद्यालय के वर्धा समाज कार्य संस्थान की ओर से 16-18 दिसंबर को 'सामाजिक रक्षा मुद्दे पर समाज कार्य शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार, 16 दिसंबर को पूर्वाह्न 10:30 बजे कस्तूरबा सभागार में किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, नई दिल्ली के संजय पवार विशिष्ट वक्ता होंगे। कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. बंशीधर पाण्डेय एवं सह-संयोजक वर्धा समाज कार्य संस्थान के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. के बालराजू होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के समाज कार्य विषय के शिक्षक सहभागिता करेंगे।

## सामाजिक संरक्षण विषयावर सामाजिक कार्य शिक्षकांसाठी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमाचे आयोजन

वर्धा, 13 डिसेंबर 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात सामाजिक न्याय आणि सक्षमीकरण मंत्रालय, भारत सरकारच्या अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक संरक्षण संस्था द्वारे अनुदानित विश्वविद्यालयाच्या वर्धा समाज कार्य संस्थानच्या वतीने 16-18 डिसेंबर रोजी 'सामाजिक संरक्षण विषयावर सामाजिक कार्य शिक्षकांसाठी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमाचे' आयोजन करण्यात आले आहे. सोमवार, 16 डिसेंबर रोजी सकाळी 10:30 वाजता कस्तुरबा सभागृहात या कार्यक्रमाचे उद्घाटन कुलगुरू प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांच्या अध्यक्षतेखाली होईल. यावेळी राष्ट्रीय सामाजिक संरक्षण संस्था, नवी दिल्लीचे संजय पवार विशिष्ट वक्ता असतील. कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील आभार मानतील. कार्यक्रमाचे संयोजक, वर्धा समाजकार्य संस्थेचे निदेशक प्रो. बंशीधर पांडे आणि सह-संयोजक वर्धा समाज कार्य संस्थानचे असोशिएट प्रोफेसर डॉ. के. बालराजू असतील. या प्रशिक्षण कार्यक्रमात विविध विद्यापीठे व महाविद्यालयातील समाजकार्य विषयाचे शिक्षक सहभागी होतील.

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

ई-मेल/E-mail: buddhadassmirge@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305